दैनिक

Registration No. : CTBIL/25/A2365

द छत्तीसगढ़ कनेक्ट

स्वामी एवं प्रकाशक : राहुल तिवारी

संपादक : राजेन्द्र तिवारी

वर्ष - 01 अंक - 04 | दुर्ग, गुरूवार 04 सितंबर | मूल्य : 02 रूपये पृष्ठ : 08

मुख्यमंत्री साय का संकल्पः आदिवासी अंचलों सहित सभी नागरिकों तक पहुँचे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा

रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच लाइसेंस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत किया गया है। इस अवसर पर वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका शुक्ला, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के अधिकारी जयदीप दास गुप्ता एवं श्रीनिवास राव तथा कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल हैदराबाद के अध्यक्ष डॉ. गुरुनाथ रेड्डी, डॉ. रघुनाथ रेड्डी और के.वी. रेड्डी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आदिवासी अंचलों सहित प्रदेश के हर नागरिक तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचे। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस अस्पताल के निर्माण की शुरुआत की गई थी और आज जब छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है, तब इस एमओयू का होना ऐतिहासिक महत्व रखता है। गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर हुआ यह समझौता प्रदेशवासियों के लिए शुभ संकेत है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बस्तर क्षेत्र के लोग लंबे समय से उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रहे हैं, किंतु अब यह अस्पताल उनके लिए वरदान साबित होगा। विशेषकर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए यह जीवनरक्षक सिद्ध होगा। पहले घायल जवानों को एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजना पड़ता था, अब जगदलपुर में ही उन्हें अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध होगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें। बस्तर अंचल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना राज्य और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। पहले ये सेवाएँ केवल रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में उपलब्ध थीं, लेकिन अब बस्तर के लोग भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगा।

स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया ने जानकारी दी कि इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण पर 200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें से 120 करोड़ रुपये केंद्र सरकार और 80 करोड़ रुपये राज्य सरकार ने वहन किए हैं।

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने भी इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल 11 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से सुसज्जित है। यह 10 मंजिला अस्पताल 240 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इसमें हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), किडनी रोग (नेफ्रोलॉजी), मस्तिष्क रोग एवं न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसे विभाग संचालित होंगे। ओपीडी, आईसीयू और आपातकालीन सेवाओं सहित गहन चिकित्सा की अत्याधुनिक सुविधाएँ यहाँ उपलब्ध होंगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम सरकारी दर पर उपचार प्रदान करेगी।

सरकारी दर पर उपलब्ध इन सेवाओं का लाभ न केवल बस्तर संभाग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के मरीज उठा सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक पहल को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया। इससे बस्तर अंचल के लाखों लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और बड़े शहरों पर उनकी निर्भरता कम होगी। यह अस्पताल न केवल बस्तर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के मरीजों के लिए नई आशा और जीवनदायी सुविधा साबित होगा।

छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट स्टेट से अब मुफ्त बिजली की ओरः मुख्यमंत्री साय

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय भवन का शिलान्यास किया। रजत जयंती वर्ष और गणेशोत्सव जैसे पावन अवसर पर सम्पन्न इस समारोह में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और भवन का थ्री-डी मॉडल अनावृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को नई ऊँचाई देगा, तीनों पावर कंपनियों के बीच समन्वय को मजबूत करेगा और उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे सभी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मौलश्री पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा यह प्रमाण है कि जब संकल्प और संवेदनशीलता साथ चलें तो परिणाम ऐतिहासिक होते हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश केवल 1400 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, आज यह क्षमता बढ़कर 30 हजार मेगावाट हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में 1320 मेगावाट क्षमता के नए संयंत्र का शुभारंभ इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह प्रगति हर नागरिक के विश्वास, मेहनत और भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न उनकी

जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा ने यह अनुभव कराया कि छत्तीसगढ़ अब वैश्विक स्तर की अधोसंरचना और कार्यसंस्कृति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त मुख्यालय भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवन का निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि यह ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बने। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई उद्योग नीति के अंतर्गत पावर सेक्टर में हाल ही में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। इसके परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में 30 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन संभव होगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल प्रदेशवासियों को 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगी बल्कि पड़ोसी राज्यों की ज़रूरतें भी पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने छत्तीसगढ़ को मुफ्त बिजली की ओर तेजी से अग्रसर कर दिया है और अब दूरस्थ अंचलों तक इस योजना का लाभ पहुँच रहा है। वन मंत्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को राज्य निर्माण में उनके योगदान के लिए नमन किया। उन्होंने कहा कि लगभग 270 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन ग्रीन एनर्जी आधारित होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त मुख्यालय भवन 10,017 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में नौ मंजिला स्वरूप में निर्मित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए तीन अलग-अलग टॉवर होंगे। 1300 कर्मचारियों की क्षमता वाले इस भवन में 210 सीटों का प्रेक्षागृह, कर्मचारियों के लिए जिम, दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग, मैकेनिकल स्टैक पार्किंग और ई-व्हीकल चार्जिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह भवन बीईई की पाँच सितारा और गृहा की फाइव स्टार ग्रीन रेटिंग मानकों के अनुरूप निर्मित होगा तथा भवन प्रबंधन प्रणाली से इसका संपूर्ण संचालन होगा। नवा रायपुर में बन रहा यह अत्याधुनिक भवन मंत्रालय, संचालनालय और पुलिस मुख्यालय के समीप होने से अंतर्विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करेगा तथा प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

रामदास अठावले का छत्तीसगढ़ प्रवास, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

रायपुर

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में अठावले ने विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुँचे। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ बनाने तथा समाज के वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति योजनाएँ, कौशल विकास कार्यक्रम और स्वरोजगार सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारण प्रकाश सिन्हा एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के आयुक्त डॉ. सरांश मित्तर, रोक्तिमा यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

कर्रेगुट्टालु के शूरमाओं के पराक्रम का हुआ यशोगान

अमित शाह ने ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट में शामिल जवानों का किया सम्मान

जगदलपुर

देश के सबसे बड़े एंटी नक्सल अभियान ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट में शामिल वीर जवानों का केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सम्मान किया है। पहाड़ी पर ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट बस्तर संभाग के बीजापुर जिले और तेलंगाना की सीमा पर स्थित नक्सलियों की सबसे बड़ी पनाहगाह कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर कई दिनों तक चला था। इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजीऔर कोबरा के जवानों से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर शाह ने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान ऑपरेशन ब्लैक फ़ॉरेस्ट में वीर जवानों ने शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाया, सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय

के रूप में दर्ज होगा। जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले से अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया।श्री शाह ने कहा- कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को सुरक्षाबलों के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया। नक्सल विरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वीर जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे।

शौर्य का हुआ बहुमानः केदार कश्यप

बस्तर के जुझारू एवं युवा आदिवासी नेता केदार कश्यप ने ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट में अपनी जान की बाजी लगाकर नक्सलियों के सबसे बड़े ठिकाने को तबाह करने वाले जवानों को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर की है। केदार कश्यप ने वीर जवानों को बधाई देते हुए कहा है कि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है और देशभक्त जवानों के उत्साहवर्धन के लिए हमेशा तत्पर रहती है। हमारे राष्ट्र भक्त प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी हर बड़े त्यौहार के दौरान सीमाओं पर डटे जवानों के बीच खुशियां शेयर करते हैं, उनका सुख दुख साझा करते हैं, हमारे केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह जी भी देशभक्त फौजी भाइयों के बीच अक्सर पहुंचते रहते हैं।

आरएएमपी योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

स्थानीय उत्पादों को मिलेगा डिजिटल बाजार

बिलासपुर

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमो (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूहों (एसएचजी) और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से उद्योग संचालनालय और सीएसआईडीसी, रायपुर की पहल से मंगला चौक स्थित एक निजी होटल में एमएसएमई को ई-मार्केटप्लेस एव डिजिटल मंचों से जोड़कर राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यशाला में सभ्याशाा ई कॉसर्स प्लेटफार्म (ओएनडीसी पार्टनर) से शशांक पात्रो ने सभ्याशा मंच पर बीटूबी एवं बीटूसी हेतु विक्रेता पंजीकरण, उत्पाद सूचीकरण, प्रचार-प्रसार, और डिलीवरी व्यवस्था की जानकारी दी। वहीं समहिता ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म (ओएनडीसी पार्टनर) से मोहित शर्मा जी ने उद्यमियों को बीटूबी एवं बीटूसी हेतु विक्रेता पंजीकरण से लेकर डिलीवरी व्यवस्था तक की प्रक्रिया समझाई।

डिजीटल मार्केटिंग सत्र में मीमो प्रसाद, निदेशक, इन्टेलीग्रेटर टेक्नोलॉजीस प्रा.लि. रायपुर ने इंडियामार्ट ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विक्रेता पंजीकरण के साथ-साथ सोशल मीडिया और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से कम लागत में उत्पादों की ब्रांडिंग व बिक्री बढ़ाने के सरल उपाय बताए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तस्वीरें, आकर्षक विवरण और ग्राहकों से नियमित संवाद स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बनाने में सहायक है। इस अवसर पर डॉ. योगेश शर्मा, राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई, आरएएमपी योजना-सीएसआईडीसी, रायपुर ने राज्य में चल रही आरएएमपी योजना की गतिविधियों जैसे उद्यमिता जागरूकता, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल विपणन और वित्तीय पहुँच पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में कुल 64 प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिसमें महिला उद्यमी, समूह सदस्य, पारंपरिक कारीगर और स्थानीय एमएसएमई प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से श्री सत्येन्द्र वर्मा, सुनील कुमार पाण्डेय, छत्रपाल सिंह बिझवार, आरती झलरिया, रेवती कुमार लहरे, ए. श्रीधर रॉव प्रबंधक उपास्थित रहे। सभी सत्रों के बाद उद्यमियों के साथ सवाल-जवाब के बाद कार्यशाला का समापन किया गया।

निडानिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सातवें दिन कृष्ण उद्धव संवाद राजा परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम एवं पूर्णाहुति दी गई

बिलासपुर

निडानिया परिवार द्वारा आयोजित मैरिज गार्डन पत्थलगांव में चल रही भागवत कथा बुधवार को संपन्न हो गई। कथा आचार्य श्री अंकुश तिवारी जी महाराज लड्डू गोपाल धाम यूपी जी के मुखारविंद से 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक आचार्य ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन बुधवार को विधिविधान से पूजा करवाई। श्रीमद्भागवत कथा सातवें दिन कृष्ण उद्धव संवाद राजा परीक्षित मोक्ष कथा कुरुक्षेत्र प्रसंग सुखदेव पूजन अंतिम में निडानिया परिवार के सदस्य अनिल अग्रवाल ने सभी श्रोताओं के साथ कथा वाचक पूज्य महाराज जी का भी आभार व्यक्त किया।

सीपत पुलिस की त्वरित कार्यवाही

सेवा सहकारी समिति में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 80 हजार का सामान बरामद

बिलासपुर

सीपत पुलिस ने ग्राम सोंठी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कम्प्यूटर, इनवर्टर, बैटरी सहित करीब 80 हजार रुपए की संपत्ति बरामद की गई है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम सोंठी निवासी प्रहलाद दास वैष्णव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने सेवा सहकारी समिति की खिड़की तोड़कर कम्प्यूटर, मानीटर, सीपीयू, दो इनवर्टर और एक बैटरी चोरी कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही सीपत थाना प्रभारी ने टीम गठित कर जांच शुरू की।

पुलिस ने संदेही चंदन उर्फभोलू उर्फ बिसनाथिया दास मानिकपुरी (32 वर्ष) निवासी सोंठी और उसके साथी किशन उर्फरामू ठाकुर (28 वर्ष) निवासी सोंठी डीहपारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

एसईसीएल ने अगस्त 2025 में 102 आश्रितों को दिए रोजगार

बिलासपुर

एसईसीएल कंपनी के दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को त्वरित रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में अगस्त 2025 माह में कंपनी ने 102 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। अगस्त माह में सर्वाधिक 21-21 नियुक्तियाँ बैकुंठपुर और चिरमिरी क्षेत्रों में की गईं। वहीं इस वर्ष अप्रैल 2025 से अब तक कुल 182 आश्रितों को नौकरी दी जा चुकी है। कंपनी द्वारा आश्रितों के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द नियुक्तियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

कंपनी के मानव संसाधन एवं सतर्कता विभागों के संयुक्त प्रयास से रोजगार प्रक्रिया में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि आश्रितों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और उनके प्रकरणों का त्वरित निपटारा हो सके। एसईसीएल प्रबंधन का कहना है कि आश्रितों के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित रोजगार उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकताओं में से एक है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास लगातार जारी रहेगा।

खास खबर

गौधाम संचालन के लिए इच्छुक संस्थाओं से 30 सितम्बर तक प्रस्ताव आमंत्रित

बिलासपुर। गौधाम संचालन के लिए संस्थाओं एवं फर्मों से 30 सितम्बर तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है। इच्छुक संस्थाएं ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय में उक्त तिथि तक आवेदन प्रस्ताव दे सकती है। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में 10-10 गौधाम शुरू करने की योजना है। संयुक्त संचालक सह पदेन सचिव जिला सशक्त समिति डॉ. जी.एस. तंवर ने बताया कि गौधामों का संचालन पांच वर्षों के लिए पीपीपी मोड पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के इच्छुक संस्थाओं का पंजीयन होना चाहिए। एनजीओ, स्वयं सेवी संस्था, ट्रस्ट, एफ्मीओ, सहकारी समितियां गौधाम संचालन के लिए पात्रता रखती है। कम से कम पांच वर्ष का उनका कार्य अनुभव होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ संबंधित ग्राम पंचायतों के द्वारा पूर्व में संचालित गौठान को गौधाम योजना अंतर्गत एनजीओ, एसएचजी, एफ्मीओ, सहकारी समिति से संचालन कराने की सहमति/प्रस्ताव संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा आवेदन स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी की अनुशंसा सहित संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग में जमा करना होगा।

शासकीय हाई स्कूल खारढोढी में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया

पत्थलगांव

शासकीय हाई स्कूल खारढोढी में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया, मंडल अध्यक्ष हेमंत बंजारा जी ,शाला समिति अध्यक्ष राजेन्द्र बेहरा, मंडल उपाध्यक्ष कौशल धुर्वे, सरपंच दुबराज धुर्वे, नरेश सिदार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव, पंच जयसिंह धुर्वे, प्राचार्य जीवन लाल बाज, व्याख्यता नंदकिशोर डनसेना एवं शाला कर्मचारी ग्रामीण जन उपस्थित थे।

सांस्कृतिक, राजनीतिक सामाजिक धरना, प्रदर्शन, रैली अथवा कार्यक्रम की जानकारी पुलिस को जरूर दें: शशि मोहन

पत्थलगांव

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी *नागरिकों से अपील किया है कि कोई भी सांस्कृतिक, राजनीतिक या सामाजिक धरना, प्रदर्शन, रैली अथवा कार्यक्रम आयोजित* किया जाता है तो उसकी सूचना पूर्व में ही प्रशासन को दिया जाये तभी समुचित पुलिस बल लगाना संभव होता है।

पूर्व सूचना मिलने पर ही आवश्यकतानुसार* पुलिस बल तैनात किया जा सकता है और उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।गणेश विसर्जन के समय की दुर्भाग्यपूर्ण घटना का एक मुख्य कारण यह भी रहा कि* गणेश विसर्जन के साथ निकाले गए डीजे एवं जुलूस की जानकारी पुलिस एवं जिला प्रशासन को पूर्व में नहीं दी गई थी, जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था लगाना संभव नहीं हो पाया। इस घटना में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए तथा मूल्यवान जनहानि हुई, जिस पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन गहरा दुख व्यक्त करता है।अत: पुन: सभी नागरिकों से आग्रह है कि *भविष्य में किसी भी प्रकार का जुलूस/कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व प्रशासन को सूचित करें, ताकि पर्याप्त पुलिस बल* एवं सुरक्षा व्यवस्था लगाई जा सके और ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो ।

पूर्व सरकार के खाली-बंजर पड़े गोठानों में शुरू हुआ महुआ बचाओ अभियान

वनमंडल मनेंद्रगढ़ की विशेष पहल, गोठानों का हो रहा समुचित उपयोग

मनेंद्रगढ़। वनमंडल के डीएफओ मनीष कश्यप ने विशेष पहल की है।ख़ाली पड़े गोठानों में महुआ बचाओ अभियान के तहत महुआ पौधे लगा के इसको हरा-भरा किया जा रहा है।गोठानों में फेंसिंग पहले से थी, जो चोरी हो रहा था।वन विभाग ने फेंसिंग मरम्मत करके इसमें महुआ के पौधे लगा दिए जिससे ये क्षेत्र अतिक्रमण से बच गया और ग्रामीणों का भविष्य में महुआ से आय भी सुनिश्चित हो गई है ।अब तक मनेंद्रगढ़ वनमंडल के 98 गोठान में लगभग 60 हज़ार महुआ के पौधे रोपे जा चुके है।इसके लिए हर ग्राम पंचायत से हह्ष्ट लिया गया और प्रत्येक गोठान में स्थानीय जनप्रतिनिधि ने पौधे लगा के इस अभियान की शुरुवात की।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पाँच वर्ष के कार्यकाल में गोबर और गोठान पे विशेष फोकस रखा।बावजूद इसके आज सभी गोठान ख़ाली और बंजर पड़े है।हर गाँव में गोठान बनाया गया।छत्तीसगढ़ में लगभग 8 हज़ार गोठान बनाये गए जिसमे औसतन हर गोठान में 50 लाख तक खर्च किया गया। गाँव के मूलभूत जरूरत को पूरा ना करके गोठान बनाया गया जिसका कोई फायदा ही नहीं हुआ।ग्रामीण इलाकों में इसका पिछली सरकार का बहुत नकारात्मक छवि बनी।गोठानों में अब अतिक्रमण हो रहा है और असामाजिक तत्वों का ये अड्डा बनते जा रहा है।

महुआ पेड़ो की घटती संख्या चिंता का विषय है।सबसे बड़ी समस्या इनकी पुनरुत्पादन की है।जंगल में तो महुआ पर्याप्त है, पर आदिवासियो के द्वारा अधिक्तर महुआ का संग्रहण गाँव के ख़ाली पड़े ज़मीन और खेत के मेड़ो पे लगे महुआ से होती है।अगर आप बस्तर और सरगुज़ा के किसी गाँव में जाये तो उनके खेतों के पार और ख़ाली ज़मीन में सिर्फ़ बड़े महुआ के पेड़ ही बचे दिखते है।छोटे और मध्यम आयु के पेड़ लगभग नगण्य होती हैं। ग्रामीणों के द्वारा महुआ संग्रहण से पहले ज़मीन साफ़ करने हेतु आग लगाई जाती है, उसी के कारण एक भी महुआ के पौधे ज़िंदा नहीं रहते।ग्रामीण महुआ के सभी बीज को भी संग्रहण कर लेते है, ये भी एक कारण है महुआ के ख़त्म होने का।आख़िर बड़े महुआ पेड़ कब तक जीवित रह पायेंगे ??

छत्तीसगढ़ के महुआ पेड़ बूढ़े हो रहे है।महुआ पेड़ की औसत आयु 60 वर्ष है ।अगर जंगल के बाहर इनके पुनरुत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये जल्द ही ख़त्म हो जाएँगे।एक महुआ के पेड़ से एक आदिवासी परिवार औसतन 2 क्विंटल फूल और 50 किलो बीज प्राप्त कर लेता है जिसकी क़ीमत लगभग 10 हज़ार होती है। भारत सरकार (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग) ने भी सभी राज्यो के वन विभाग को पत्र लिखा है की वृक्षारोपण में महुआ के पौधे ज़्यादा से ज़्यादा लगाये जाए ।

मनेंद्रगढ़ में महुआ बचाओ अभियान की शुरुवात पिछले वर्ष ही हो गई थी ।ग्रामीणों को 30 हज़ार ट्री गार्ड देके महुआ पौधे लगवाये गए थे ।इसका ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह था ।इसको देखते हुए इस वर्ष अब तक 1.12 लाख पौधे लगाए जा चुके है।जिसमे ग्रामीणो के यहाँ 30 हज़ार पौधे ट्रीगार्ड में, 22 हज़ार पौधे बाड़ी में, और 60 हज़ार पौधे गोठानों में लगाया गया है।ग्रामीण इससे बहुत खुश है।

इस महुआ बचाओ अभियान के लिए पिछले वर्ष 2015 बैच के आईएफ्एस मनीष कश्यप को दिल्ली में नेक्सस ऑफ़गुडफाउंडेशन के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचल के लिए महुआ का पेड़ विशेष महत्व रखता है। महुआ के मौसम में गाँव की गलियाँ खाली होती है। सभी परिवार के सदस्य व्यस्त रहते हैं।महुआ का पेड़ प्रकृति का दिया हुआ बहुमूल्य पेड़ है। भारत में कुछ समाज इसे कल्पवृक्ष भी मानते है। यह पेड़ आदिवासियों के लिए आर्थिक, धार्मिक और सामाजिक रूप से महत्व रखता है।महुआ का पेड़ भारत के उत्तर,दक्षिण और मध्य के 13 राज्यो में पाया जाता है।महुआ का फूल, फल, बीज, छाल और पत्ती सभी का उपयोग है।आदिवासियो के आय का यह एक प्रमुख श्रोत है।ट्री आउटसाइड फारेस्ट में महुआ का बड़ा योगदान है ।छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचल में जंगल के बाहर सिर्फ महुआ का ही पेड़ बचा दिखता है।ग्रामीण बाकी वृक्ष को अपने खेत से काट लेते है,पर महुआ को नहीं काटते।

निराश्रित एवं बेसहारा परिवार का सहारा बनी संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम

दुर्ग

भारतवर्ष में आज भी लाखों लोग ऐसे हैं जो जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। किसी के पास दो वक्त की रोटी नहीं, तो कोई छत और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्षरत है। दुर्ग जिला तहसील पाटन के ग्राम जामगांव एम के रहने वाली आशा रात्रे का परिवार भी ऐसी ही कठिन परिस्थिति से जूझ रहा है। तीन सदस्यीय इस परिवार में इनके पति राकेश कुमार रात्रे का किडनी की गंभीर बीमारी के कारण मौत हो गई है। जिस कारण से घर की समस्त जिम्मेदारी उनकी पत्नी आशा बाई रात्रे के कंधों पर आ गई है, जो खुद मजदूरी कर किसी प्रकार परिवार की गुजर-बसर कर रही हैं। इस परिवार के पास न खुद का मकान है और न ही किसी प्रकार की स्थायी सहायता। ऐसी ही विषम परिस्थितियों में संत रामपाल जी महाराज द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा मुहिम ऐसे परिवार के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। 5 अगस्त 2025 को संत रामपाल जी महाराज की ओर से अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत इस जरूरतमंद परिवार को राहत पहुंचाई गई थी जिसमें आटा, चावल, दाल, तेल, नमक जैसी रोजमर्रा की आवश्यक खाद्य सामग्री 1 महीने की बिल्कुल नि:शुल्क प्रदान की गई थी इसी प्रकार दिनांक 3 अगस्त 2025 को पुन: राशन समान का कीट दिया गया और परिवार को बताया गया कि यह राशन नियमित रूप से तब तक प्रदान की जाएगी जब तक उनके हालात सामान्य नहीं हो जाते। इस मुहिम के तहत आशा रात्रे का नाम और Contact नंबर भी दर्ज कर लिया गया है, ताकि समय-समय पर और भी सहायता दी जा सके। गांव के सरपंच सहित कई ग्रामीण जनों ने इस सेवा कार्य की सराहना की। संत रामपाल जी महाराज की ओर से चल रही अन्नपूर्णा मुहिम केवल राहत सामग्री पहुँचाने का कार्य नहीं है, बल्कि मानवता की पुनर्स्थापना का कार्य है।

वर्तमान में उनकी अन्नपूर्णा मुहिम देश के कोने-कोने में जरूरतमंदों तक पहुंचने लगी है। इस मुहिम में जिला संयोजक खेमेंद्र साहू, रामनरेश महतो, ब्लॉक संयोजक मुकेश सिन्हा सहित संत रामपाल महाराज के अन्य शिष्य मौजूद थे।

खास खबर...

विधानसभा अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 4 सितम्बर 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुबह 11.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम सोमनी पहुंचकर सायकल वितरण एवं नीट व जेईई क्लास का शुभारंभ करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.45 बजे ग्राम सोमनी से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर सहकारी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर 2.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 3.30 बजे ग्राम सुकुलदैहान पहुंचकर भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शाम 4.30 बजे ग्राम सुकुलदैहान से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेंगा। विधानसभा अध्यक्ष रात्रि 8 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

निजी स्कूल में हुई मारपीट मामले की घटना को बताया गंभीर, युवा नेताओ ने रखी शिकायत

राजनांदगांव

राजनांदगांव के निजी स्कूलों में हुई मारपीट की घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई इसके बाद एनएसयूआई संगठन की ओर से मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत कर मामले की जांच कर कार्यवाही को लेकर पत्र लिखा है युवा नेता ऋषि शास्त्री ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से बीते कुछ दिन पहले हुए एक निजी स्कूलों में मारपीट की घटना पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बयान आया की उन्हें ऐसी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है जानकारी मिलने पर कार्यवाही करेंगे इसी तारतम में हमने आज जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा है मामले को गंभीर बताते हुए संबंद में जानकारी भी मांगी है हालही में स्कूल शिक्षा के विषय में काफी सारी समस्या परिजन एवं विद्यार्थियों से प्राप्त होते आई है जिसे हल करने हमारे द्वारा हर स्टार तक प्रयास किया जाता आया है शास्त्री ने बताया की यह शिकायत भी मिली की आत्मानंद स्कूलों में तिमाही परीक्षा हो जाने के बावजूद भी किताबें नहीं पहुंच पाई है जिसको लेकर पाठ्य पुस्तक निगम को जानकारी देकर जिन विषयों की पुस्तक नहीं पहुंच पाई हैं उनकी जानकारी स्कूल से मागने और तत्काल किताबों की व्यवस्था करने कहा गया है ऐसा ही एक और विषय सामने आया जिसमें शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ रहे विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क मंगाई जा रही है जिस पर संबंधित अधिकारी को संबंधित शुल्क के संबंध में नियमानुसार सभी निजी स्कूलों में नोटिस जारी करने सहित शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ रहे बच्चों को जो सुविधा दी जानी है इसका उल्लेख करते हुए निर्देश जारी करने कहा गया है।

अतिक्रमण के नाम पर हटाएं गए फुटकर दुकानदारों को व्यवस्थित करें: कुलबीर

राजनांदगांव

शहर के फ्लाई ओव्हर के नीचे कई वर्षों से छोटे व्यवसायियों अपने रोजगार के तहत चाय-ठेले, चॉट-ठेले, गाड़ियों के रिपेरिंग कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे, जिसे भाजपाईयों के दबाव पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के तहत दुकान को हटावा दिया गया जिसके कारण वहां पर लगा रहे फुटकर व्यवसायियों बेरोजगार हो गए जिस कारण उनके रोजगार की समस्या व परिवार के पालन पोषण की बड़ी आपदा हो गई। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार 01 सितंबर को निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल फुटकर व्यवसायियों पुनस्थापित करने की मांग की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि फुटकर दुकानदारों प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के तहत हटवा दिया गया है। जिससे उनका रोजगार छिन गया रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई जिसको लेकर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर फुटकर व्यवसाायियों को पुनस्थापित करने की मांग की।

कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, सभी एसडीएम, प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख, अधीक्षक भू अभिलेख, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की।अविवादित नामांतरण के आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में सभी तहसीलदारों को विशेष प्रयास करने एवं गम्भीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने की बात कही। कलेक्टर ने तहसीलदारों को कोटवारी भूमि, शासकीय पट्टे , भू अर्जन एवं खनिज प्रभावित क्षेत्रों की भूमि के खसरे में अहस्तांतरणीय दर्शाना सुनिश्चित करने की बात कही। जिससे उक्त भूमि की खरीदी बिक्री पर रोक लगाई जा सके।उन्होंने सभी विकासखण्डों में मसाहती ग्राम के सर्वे व नक्शा प्रकाशन की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए नक्शा प्रकाशन के कार्य मे तेजी लाने के लिए कहा।

दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 650 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन से किया रवाना

प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का क्षण

राजनांदगांव

पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 650 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया। राज्य शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का क्षण रहा। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सदियों से प्रभु श्री राम की महिमा जनमानस में व्याप्त है।

अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर स्थापित होने के बाद दर्शनार्थियों को अयोध्या जाकर दर्शन करने की इच्छा होती है। मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नि:शुल्क प्रभु श्री रामलला दर्शन कराया जा रहा है। पिछले वर्ष 26 ट्रेनों के माध्यम से 22 हजार 100 से अधिक दर्शनार्थियों को दर्शन कराया गया। इस वर्ष अब तक 6 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन का लाभ लिया है और आगे लगातार दर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों के दर्शन से हम सभी को दर्शन का लाभ एवं पुण्य मिलेगा। प्रदेश के 850 से अधिक दर्शनार्थी दर्शन करके आएंगे तो 85 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री राजेश अग्रवाल ने सभी दर्शनार्थियों को तीर्थ यात्रा के लिए मंगलकामना एवं शुभकामनाएं दी। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भगवान श्री राम जिनका मामा गांव छत्तीसगढ़ है और यह कौशल प्रदेश है। केन्द्र एवं राज्य शासन की हमेशा इच्छा रही है कि पर्यटन, देशाटन होता रहे। उन्होंने प्रभु श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि दूसरी बार यहां से तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया जा रहा है।

उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

व्यापारी संघ एक्सिस बैंक के सहयोग से लोन सिक्का वितरण मेला

रायपुर

महादेव घाट रोड व्यापारी कल्याण संघ एवं एक्सिस बैंक शाखा सुंदर नगर के संयुक्त तत्वाधान में व्यापारियों के लिए विभिन्न प्रकार के लोन जिसमें बिजनेस लोन पर्सनल लोन व्हीकल लोन हाउसिंग लोन मुद्रा लोन मॉडगेज लोन ओडी अकाउंट गोल्ड लोन इंश्योरेंस का मेला लगाया गया जिसमें बहुत से दुकानदारों द्वारा लोन के संबंध में बैंक के अधिकारियों से चर्चा की गई इसके साथ ही एक्सिस बैंक शाखा सुंदर नगर के द्वारा तो 2/ 5/ 10 के सिक्के का वितरण क्षेत्र के हर व्यापारियों व्यापार में किल्लत परेशानी को देखते हुए वितरण किया गया जिसमें क्षेत्र के 200 व्यापारियों ने लाभ उठाया और एक्सिस बैंक के कार्यों को सराहना करते हुए अच्छी योजनाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी इस दौरान विनोद कुमार एक्सिस बैंक मुख्य कार्यालय मुंबई को पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह प्रशांत अचार्य शाखा स्मृति चिन्ह सुंदर नगर नूतन कुमार सेल्स मैनेजर देकर सम्मानित भी किया गया साथ ही व्यापारी संघ की ओर से अध्यक्ष विमल बाफना राम चौरसिया विनोद जोशी राज अग्रवाल वैभव सालुंखे विवेक गर्ग अशोक अरोरा विश्वास अग्रवाल टिकेश्वर पटेल देवेंद्र कुमार विवेक कुमार आदि व्यापारी उपस्थित थे

मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से मिलेगा स्वंय का आवास

राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस एक संवेदनशील पहल इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है। उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1340 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 590 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 91 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया । परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत 822 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया किए रेवाड़ीह मोहारा 340 युनिट की राषि 2,67,971.00 रुपये निर्धारित है। योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री विष्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली में 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री में 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा में 2.80,115.00 रू. निर्धारित है।

आयुक्त श्री विष्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचे, आवास हेतु किसी भी व्यक्ति से पैसे का लेनदेन ना करें आवास भुतल या नीचे ऊपर दिलाने के लिए भी किसी से संपर्क कर किसी को भी पैसा न देवे। बाहरी व्यक्तियों के द्वारा आवास दिलाने संपर्क किया जा रहा है, इस प्रकार की शिकायतें लगातार निगम कार्यालय को प्राप्त हो रही है किसी भी व्यक्ति से इस संबंध में चर्चा कर पैसे का लेनदेन ना करें। क्योकि वे व्यक्ति निगम से संबंधित नही है।

गणपति सेवा पंडाल में हुआ वरिष्ट नागरिकों का सम्मान

राजनांदगांव

शहर के पास इलाके लक्ष्मी नगर कॉलोनी में गणेश उत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है. समाज से जुड़े हर वर्ग के लोगों को गणेश उत्सव से जोड़ने के लिए कालोनी निवासी लगातार रोज नए आयोजन कर रहे हैं. गणपति बप्पा की स्थापना के दिन से ही रोजाना संध्या आरती के बाद समाज को एक सूत्र में जोड़े रखने के लिए नित्य नए आयोजन कर रहे हैं.

मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी नगर कॉलोनी गणेश उत्सव समिति ने समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए गणेश पंडाल में रोजाना संध्या आरती के बाद एक अलग आयोजन कर रहे हैं. इनमें पहला दिन आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया. जिसमें शहर के लोगों को भक्ति की धुन में

अपनी आवाज लोगों तक पहुंचाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया. इस मंच के माध्यम से समाज के हर तबके को गणेश उत्सव से जोड़ने की कोशिश की गई. आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और भक्ति रस में डूबे हुए गीत संगीत आनंद लिया.

आयोजन की श्रृंखला में दूसरे दिन शहर के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया. इस कड़ी में शहर के वरिष्ठ नागरिक श्रीमती लव शुक्ला, आशा झा, अनिल मिश्रा, पुष्पा बवेजा,ग्वालू, श्रीमती रामबाई साहू, श्रीमती शशि ठाकुर, सरस्वती बक्शी, आशा मांझेवर, श्रीमती रुक्मणी साहू, बीआर साहू सहित अन्य का सम्मान किया गया है. मंगलवार को भजन संध्या के आयोजन किया गया इस आयोजन में भजन में रुचि रखने वाले लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इसके साथ ही गोंदिया से आई भजन संध्या की टीम ने भी अपनी जोरदार प्रस्तुति दी. जिसे सुनकर कॉलोनी के निवासी मंत्र मुक्त हो गए. गणेश उत्सव के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के संजय बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा वीरांगना अध्यक्ष सुषमा सिंह, अमित झा, प्रकाश शुक्ला, मनीष मेजरवार का विशेष सहयोग रहा।

ग्राम डिलापहरी में ग्राम सभा का गठन ग्रामीण हित में लिए गए अहम फैसले

राजनांदगांव

ग्राम डिलापहरी में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम सभा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सदस्यों का गठन किया गया। बैठक में ग्रामीण हितों की रक्षा व अनुशासन बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण नियमों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

ग्राम सभा के अध्यक्ष पद पर गेस नारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर सचिव सहदेव वर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा को मनोनीत किया गया।

इसके साथ ही सदस्य गण में गोविंद नारायण वर्मा, सरपंच उमेश वर्मा, छत्र कुमार वर्मा पंच, दिनेश वर्मा, जितेश्वर यादव, रेखा लऊतारै, थानुराम साहू, गेंदराम साहू, परसराम वर्मा, मनसुख नेम, नरेंद्र वर्मा, खेलन वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा और अरुण वर्मा शामिल किए गए।

यदि कोई ग्रामीण अपने पालतू पशुओं को गौठान की जगह खेतों में छोड़ता है और वे किसी अन्य के खेत में पाए जाते हैं, तो पशु मालिक से ?500 का दंड लिया जाएगा। इसमें ?300 पकड़ने वाले को तथा 200 ग्राम सभा को जमा करना होगा। दंड नहीं देने पर ग्राम सभा द्वारा 1000 का अतिरिक्त दंड लगाया जाएगा।

शराब पर रोक : यदि कोई व्यक्ति स्कूल परिसर या किसी सरकारी परिसर में शराब पीते पाया गया, तो उस पर भी दंड लगाया जाएगा। सूचित करने वाले को ?300 और ?200 ग्राम सभा को जमा होंगे। धनराशि देने से इंकार करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन निर्णयों को सर्वसम्मति से पारित किया।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

विकासखंड डोंगरगढ़ के विद्यालय प्रथम स्थान पर रहे विजयी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त दल संभाग स्तर पर देंगे प्रस्तुति

राजनांदगांव

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिले के सभी विकासखंड में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों विकासखण्डों से 12 दलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। डोंगरगढ़ विकासखण्ड से प्रतिनिधित्व करते हुए तीनों दलों ने शानदार प्रदर्शन किया। डोंगरगढ़ विकासखण्ड के दो दलों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 6 सितंबर को आयोजित

होने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। प्रथम स्थान प्राप्त दल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव, अंडी, हाई स्कूल बरनाराकला, सेंदरी के छात्र और द्वितीय स्थान प्राप्त दल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा, बागनदी और चारभाठा के छात्र सम्मिलित थे। इसी प्रकार तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रीवागहन विकासखण्ड राजनांदगांव ने प्राप्त किया। विजयी दलों को 7 हजार रूपए, 5 हजार रूपए, 3 हजार रूपए सम्मान राशि, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। सांत्वना पुरस्कार विजेता महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनंदगांव, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनंदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार छुरिया, सेजेस अंग्रेजी माध्यम डोंगरगांव, सेजेस हिंदी मध्यम डोंगरगांव कुल पांच टीमों को प्रति टीम 2 हजार रूपए सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विजयी दलों को जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल एवं जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पार्षद श्री शेखर यादव, खेमीन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में यातायात प्रभारी श्री नवरतन कश्यप, जन शिक्षण संस्थान राजनांदगांव के निदेशक श्री झालम सिंह, सहायक परियोजना सामान्य समग्र शिक्षा राजनंदगांव श्री आदर्श वासनिक, श्रीमती प्रणिता शर्मा, श्री मनोज मरकाम, व्याख्याता शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी श्रीमती शीतल दास, व्याख्याता सेजेस डोंगरगांव श्रीमती नेहा साहू ने अपनी सेवाएं दी।

भारत का आर्थिक मंथन और विकास का अमृत

हरदीप एस. पुरी

जीडीपी के ताजा आंकड़ों पर जरा गौर करें। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह वृद्धि दर पिछली पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वृद्धि व्यापक है: सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 7.6 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें मैन्यूफैक्चरिंग 7.7 प्रतिशत, निर्माण 7.6 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र लगभग 9.3 प्रतिशत बढ़ा है। नॉमिनल जीडीपी में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह कोई मनमाने तरीके से बताई गई तेजी नहीं है। यह बढ़ते उपभोग, मजबूत निवेश और निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय व पूरी अर्थव्यवस्था में लागत कम करने वाले लॉजिस्टिक्स संबंधी सुधारों से हासिल नतीजों का सबूत है।

